हिन्दुस्त

# कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर संगोष्ठी

**सरिया, प्रतिनिधि।** सरिया कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहुउद्देशीय भवन में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अरुण कुमार ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा में भी भाग ले सकते हैं। समाज में प्रचलित अंधविश्वास और कुप्रथाओं को दूर करने के लिए युवाओं को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में सेवा भाव का विकास व्यक्ति के पूरे जीवन को नई दिशा देता है।

एनएसएस इकाई-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी असित दिवाकर ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस योजना से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज और राष्ट्र दोनों के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शिक्षा देता है। वहीं इकाई-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्व निभाने और सेवा भावना से जोड़े रखने वाली सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। इसके जरिए विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ समाजीकरण की प्रक्रिया में भी सक्रिय रहते हैं।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज सेवा से जुड़े अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता अभियान जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक संगोष्ठी में भाग लिया।



प्रभात खबर
धनबाद, गुरुवार
25.09.2025
prabhatkhabar.com

# एनएसएस स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



प्रतिनिधि, सरिया

सरिया कॉलेज के बहूद्देशीय भवन में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना (एनएसएस) दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संबोधित करते हुए पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अरुण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा में भाग लेने की आवश्यकता है. समाज में प्रचलित अंधविश्वास तथा कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए समाज के लोगों को जागरूक करने में विद्यार्थियों को सकारात्मक पहल करनी चाहिये. एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम पदाधिकारी असीत दिवाकर ने कहा कि विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़कर देश के विकास में अहम भूमिका निभानी चाहिये.

वहीं इकाई दो के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आशीष कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्यों के अलावा सामाजिक दायित्व का निर्वहन अपने छात्र जीवन में करने की जरूर है. समाजीकरण में एनएनएस महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. संस्था विद्यार्थियों में समाज सेवा के प्रति भावनाएं जागृत करने में अहम भूमिका निभाती है. मौके पर डॉ श्वेता समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.